समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 26 August 2026

# ‘स्पाई थ्रिलर या स्विमसूट कैलेडंर ?’ ‘अल्फा’ मे आलिया-शरवरी के बिकिनी सीन्स पर सोशल मीडिया पर छिड़ी बहस

Sanket Morankar

Published on 03 Jul 2026



आलिया भट्ट और शरवरी वाघ स्टारर बहुप्रतीक्षित स्पाई थ्रिलर ‘**अल्फा**’ आखिरकार 3 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई। फिल्म को लेकर जहां दर्शकों की शुरुआती प्रतिक्रियाएं मिली-जुली रही हैं, वहीं इसके कुछ दृश्यों ने सोशल मीडिया पर नई बहस छेड़ दी है।

फिल्म के कुछ क्लिप्स इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहे हैं, जिनमें आलिया भट्ट और शरवरी वाघ स्विमवियर और बिकिनी लुक में नजर आ रही हैं। इन दृश्यों को लेकर सोशल मीडिया पर लोगों की राय बंटी हुई दिखाई दे रही है।

वायरल हुए बिकिनी सीन्स

वायरल वीडियो में शरवरी वाघ टू-पीस बिकिनी पहनकर पानी से बाहर आती नजर आती हैं, जबकि आलिया भट्ट ब्लैक स्विमवियर और शॉर्ट्स में दिखाई देती हैं। सोशल मीडिया पर वायरल क्लिप में कैमरा एंगल को लेकर भी कई यूजर्स ने सवाल उठाए।

इन दृश्यों के सामने आने के बाद कुछ दर्शकों ने पूछा कि क्या यह वास्तव में स्पाई थ्रिलर फिल्म है या फिर ग्लैमर पर ज्यादा जोर दिया गया है।

सोशल मीडिया पर बंटी राय

फिल्म के इन दृश्यों को लेकर एक्स (पूर्व ट्विटर) और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लगातार प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं।

कुछ यूजर्स का कहना है कि स्पाई फिल्मों में ऐसे ग्लैमरस सीन्स की जरूरत नहीं होती और कहानी तथा एक्शन पर ज्यादा ध्यान दिया जाना चाहिए। वहीं कई दर्शकों ने फिल्म और अभिनेत्रियों का समर्थन करते हुए कहा कि किसी किरदार की पोशाक के आधार पर फिल्म का मूल्यांकन नहीं किया जाना चाहिए।

एक यूजर ने लिखा, "**ये स्पाई थ्रिलर है या स्विमसूट कैलेंडर ?**" जबकि दूसरे ने टिप्पणी की कि स्पाई फिल्मों में बार-बार ऐसे दृश्य शामिल करना अब एक तय फॉर्मूला बन गया है।

दूसरी ओर कुछ लोगों ने लिखा कि फिल्म के किसी एक दृश्य के आधार पर पूरी फिल्म को जज करना सही नहीं है।

रिलीज के बाद मिला मिला-जुला रिस्पॉन्स

शिव रवैल के निर्देशन में बनी '**अल्फा**' को शुरुआती दर्शकों से मिश्रित प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। कई लोगों ने फिल्म के एक्शन सीक्वेंस और स्टारकास्ट के प्रदर्शन की तारीफ की है, जबकि कुछ दर्शकों ने कहानी और स्क्रीनप्ले को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर की है।

YRF स्पाई यूनिवर्स की नई फिल्म

'अल्फा' यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा है। इस फ्रेंचाइज़ी की पिछली फिल्मों की तरह इसमें भी हाई-ऑक्टेन एक्शन, इंटरनेशनल लोकेशंस और बड़े पैमाने पर फिल्माए गए सीक्वेंस देखने को मिलते हैं।

फिल्म की रिलीज के साथ जहां बॉक्स ऑफिस पर इसकी शुरुआत पर नजर बनी हुई है, वहीं सोशल मीडिया पर इसके कुछ दृश्यों को लेकर चल रही बहस भी लगातार चर्चा का विषय बनी हुई है।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.